**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**
**13 जुलाई 2024, समय 1810**

- भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल का बचाव करने पर विपक्षी नेताओं की आलोचना की है।
- केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के सन्देश से फरीदाबाद में ई-वाहन मोबाइल प्रदर्शनी एवं रोड शो को झंडी दिखाई। श्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए ई-वाहनों को अपनाना ज़रूरी है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण के लिए दो योजनाओं "वन मित्र" और "एक पेड़ मां के नाम" का शुभारंभ किया।
- हरियाणा पुलिस के विशेष कार्यबल ने गंभीर और हिंसक अपराधों में शामिल कुख्यात अपराधी काला खैरमपुरिया को गिरफ्तार किया।
- भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर अपराध मामलों में फंसी राशि की वसूली के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की।

हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति कल अपना स्थापना दिवस मनायेगी।
प्रबन्धक समिति द्वारा पंचकूला में दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री नाडा साहिब में समागम करवाया जायेगा।
हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असन्ध ने बताया कि स्थापना दिवस समागम में प्रदेश की अलग समिति के लिए संघर्ष करने वालों को सम्मानित भी किया जायेगा।

---

साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने और पीड़ितों को समय पर राहत प्रदान करने के उद्देश्य से, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर अपराध के मामलों में फंसी राशि की वापसी के लिए एक व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है।

यह नई प्रक्रिया धोखाधड़ी से प्रभावित राशि को उसके वास्तविक मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए तैयार गयी है है, जिससे जांच अधिकारी, बैंक और पीड़ितों की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां स्पष्ट रूप से परिभाषित की जा सकें। इस पहल का उद्देश्य साइबर अपराध से संबंधित वित्तीय विवादों को तेजी और प्रभावी तरीके से संभालना है, जिससे जनता का इस प्रणाली पर विश्वास बहाल हो सके।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने कहा है कि यह पहल साइबर अपराध से लड़ने और नागरिकों के वित्तीय हितों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। जैसे-जैसे ये नई प्रक्रियाएं प्रभावी होंगी, उम्मीद है कि पीड़ितों को अपने धोखाधड़ी वाले धन को वापस पाने के लिए एक सुचारू और अधिक उत्तरदायी प्रणाली का अनुभव होगा।

हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर साइबर ओ पी सिंह ने मानक संचालन प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा बदलाव है। यह न केवल यह सुनिश्चित करता है कि पीड़ितों को उनका पैसा जल्दी से वापस मिले, बल्कि पूरी प्रक्रिया की दक्षता और पारदर्शिता भी बढ़ाता है।

---

हरियाणा पुलिस के विशेष कार्यबल ने गंभीर और हिंसक अपराधों में शामिल कुख्यात अपराधी राकेश उर्फ काला खैरमपुरिया को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि काला खैरमपुरिया 2020 में पैरोल पर रिहा होने के उपरांत भगौड़ा हो गया था और अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था। इस दौरान उसने भारत में रहते हुए और विदेशों में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया। वो फ़र्ज़ी पासपोर्ट पर गत वर्ष की शुरुआत में ही देश से फ़रार हो गया था और संयुक्त अरब अमीरात, आर्मेनिया और थाईलैंड जैसे देशों में वहां के गिरोहों के साथ मिलकर हिसंक कृत्यों को अंजाम देता रहा।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि उसका संपर्क हिमांशु भाऊ गिरोह और नीरज फरीदपुरिया गिरोह के साथ था और उनके साथ योजना बना कर उसने कई बड़ी आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया। वह, गत वर्ष दिसंबर में सोनीपत के एक गांव के सरपंच की हत्या, इस वर्ष जनवरी में गोहाना में एक मिठाई की दुकान पर गोलीबारी, मुरथल के एक ढाबे और दिल्ली के राजौरी गार्डन में एक बर्गर किंग आउटलेट पर एक व्यक्ति की हत्या सहित 15 मामलों में वाँछित था।

प्रवक्ता ने बताया कि उसे गृह मंत्रालय के सहयोग से विदेश में विभिन्न एजेंसियों के साथ तालमेल कर भारत लाया गया और विशेष कार्यबल ने पहले से जारी करवाए गए लुकआउट नोटिस के आधार पर उसे दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया।

---

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज करनाल में आयोजित 75वें राज्यस्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से बचाव के उद्देश्य से दो महत्वाकांक्षी योजनाओं **वन मित्र और एक पेड़ मां के नाम** का शुभारंभ किया।

वन मित्र गड्ढे खोदकर पेड़ लगाने के साथ-साथ उसका संरक्षण भी करेंगे। इस कार्य के लिए उन्हें प्रति पेड़ के हिसाब से सरकार द्वारा 20 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत लोगों द्वारा लगाए गए पेड़ों को संरक्षण के लिए वन मित्रों को सौंपा जाएगा। इस काम के लिए सरकार द्वारा वन मित्रों को प्रति पेड़ के हिसाब 10 रुपये दिए जाएंगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने करनाल में स्थापित आक्सी वन का उदघाटन किया। 40 हेक्टयेटर क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे इस आक्सी वन का 5 जून 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शिलान्यास किया था। इस आक्सी वन में 9 प्रकार के वन विकसित किए जा रहे हैं।

आक्सी वन में 10 हजार पेड़ पहले लगाए गए थे और आज विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं, छात्रों और एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक साथ 20 हजार और पौधे लगाए गए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने वन विभाग द्वारा प्रकाशित 9 पुस्तकों का विमोचन भी किया।

---

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज फरीदाबाद में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के संदेश के साथ आयोजित ई-वाहन मोबाईल प्रदर्शनी एवं रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रदर्शनी जिला प्रशासन के तत्वावधान में हरियाणा के नवीन एंव नवीकरणीय ऊर्जा विभाग -हरेडा और आरगो EV स्मार्ट धीमान के विशेष सहयोग से आयोजित की गई।

इस अवसर पर श्री गुर्जर ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए ई-वाहन आवश्यक हैं। लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि भूमंडलीय उष्णता के संकट से बचने के लिए विश्व भर में विभिन्न प्रकार की पहल की गई हैं, केंद्र सरकार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक से आने वाले समय में बैटरी की कीमत कम हो जाएगी जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें कम होंगी

श्री गुर्जर ने कहा कि भारत ने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। विशेष रूप से हरित हाइड्रोजन तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं। इसके इलवा ऊर्जा और उद्योग क्षेत्र ने भी उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। हरित ऊर्जा पैदा करने की दिशा में देश ने विशेष उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने आने वाले समय में देश को शून्य कार्बन उत्सर्जन तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

रैली में कई प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन जैसे ई-कार, ई-स्कूटर और ई-बस का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों के फायदों और उनकी पर्यावरणीय लाभों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही, इन वाहनों को अपनाने के लिए सरकारी योजनाओं और सब्सिडी के बारे में भी जानकारी दी गई।

---

भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल का बचाव करने के लिए विपक्षी नेताओं की आलोचना की है।

आज नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि जब से सरकार ने संविधान हत्या दिवस मनाने की घोषणा की है तब से संविधान की रक्षा का दिखावा करने वाले लोग असहज हो गये हैं।

उन्होंने कहा कि आपातकाल एक काला दौर था और उन्होंने कांग्रेस पर लोकतंत्र की आत्मा की हत्या करने का आरोप लगाया। श्री त्रिवेदी ने कहा कि आपातकाल के दौरान, सबसे बुनियादी मानवाधिकारों को भी छीन लिया गया और न्यायपालिका को उसकी शक्तियों से वंचित कर दिया गया।